# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024





श्री Restaurant
श्री फैमली रेस्टोरेंट
100% शुद्ध शाकाहारी
पार्सल सुविधा उपलब्ध
बर्थ-डे पार्टी, किटी पार्टी, एनेवर्सरी, बिजनेश मिटिंग एवं सभी अवसरों के लिये फैमली हॉल उपलब्ध है...
शुभम वैष्णव 87702 56822 | सुरेश वैष्णव 97521 52337
पता- माथलडबरी, डोंगरगांव (मोहड़ चौक से छुरिया रोड पर 1 कि.मी.)

## खबर संक्षेप

### सुवा गीत और नृत्य की प्रस्तुति



**पटेवा।** स्थानीय प्राथमिक शाला में शनिवार को छात्रों ने रंगोली, मेंहदी, मिट्टी के दीपक, महिशासुर वध झांकी, रावण वध तथा अंत में मनमोहक सुवा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधान पाठक मनोज साहू एवं शिक्षक मौजूद थे।

### डांस प्रतियोगिता 31 को

**मुरमुंदा।** वीआईपी बॉयस सार्वजनिक ईशर गौरी गौरा उत्सव समिति मुरमुंदा एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 31 अक्टूबर को बाजार चौक में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता रखा गया है। विजेताओं को सामूहिक वर्ग में क्रमशः 4001, 3001, 2001, युगल डांस में 2501, 2001, 1001, एकल डांस में 2001, 1501, 701 रुपए दिया जाएगा। समिति के शुभम ठाकरे एवं सोमनाथ नेताम ने आस पास के लोगों से शामिल होने की अपील किया है।

### राशि पाकर महिलाएं हर्षित



**सड़क अतरिया।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महतारी वंदन योजना की नवमी किस्त महिलाओं के खाते में जमा किया है। दीपावली के पहले राशि हितग्राहियों के खाते में जमा करने पर मंडल महिला मोर्चा उपाध्यक्ष ज्योति जंघेल ने सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि योजना की राशि पाकर पर्व पर महिलाओ की खुशी दो गुनी हो गई है। शुक्रवार को राज्य की करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में राशि जमा किया गया है।

### दिवाली पूर्व धान की बकाया राशि दे सरकार



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने राज्य सरकार से किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि का भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक किसानों को उनका हक नहीं दिया है, जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीवाली से पहले बकाया राशि का भुगतान होने से किसान अच्छे से पर्व मना सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदने का निर्णय लिया है जिससे किसानों का त्योहार फीका हो गया है और किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

### संगोष्ठी का आयोजन

**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्काउट गाइड फैलोशिप नागपुर ने




फेलोशिप डे के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि ग्रुप के उपाध्यक्ष श्यामलाल साहू थे। इस मौके पर दिसंबर में होने वाले साहसिक अभियान पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम देवेंद्र साखरे के निर्देशन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में शंकर वर्मा, चंद्रशेखर साखरे, ए गोविंद राव, संजय कुमार सरजारे, भूमिका मोडघरे, इंदिरा साखरे, ए नलिनी, अनुराधा वर्मा, सोनाली संगोडे, सुनील बिसेन शामिल हुए।

### संस्कृति महोत्सव में उल्लेखनीय सफलता

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के




छात्रों ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में आयोजित प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव में हिस्सा लिया। इस मौके पर आयोजित एकल अभिनय में प्रथम स्थान निष्ठा बसेन, चित्रकला में द्वितीय शिवम सिन्हा, एकल गीत में द्वितीय दिव्य किरण सिन्हा, वंदे मातरम गायन में द्वितीय विद्या वर्मा, अंजू सिन्हा और भूमिका नेवारे ने हासिल किया। इसी प्रकार गीता पाठ में तृतीय स्थान पर वंशिका समुद्रे रही। सभी विद्यार्थियों को सुनील जैन, नीलम चोपड़ा, मीना गिरधर, प्रकाश गिरधर, नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, गोपाल खेमुका, प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद आदि ने बधाई दिया है।

### सरकारी एम्बुलेंस एक साल से गायब

**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने सरकारी एम्बुलेंस के गायब होने की शिकायत कलेक्टर एवं एसडीएम से की है। उन्होंने एम्बुलेंस की तलाश के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव को वर्ष 2022 में डीएमएफ मद से फोर्स मोटर चलित नेत्र एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 02 एवी 0711 प्रदान किया गया था। इस वाहन को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमडीबोड को नेत्र शिविर एवं अन्य कार्यक्रम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ने दिया था। पिछले एक वर्ष से यह वाहन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमडीबोड में उपलब्ध नहीं है।

### सरकार करे एक से धान खरीदी

**डोंगरगांव।** विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र वैष्णव ने 15 से नवंबर से धान



खरीदी को अनुचित बताते हुए 1 नवंबर से खरीदी शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धान की कटाई और मिंलाई तेजी से जारी है। आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी करने पर किसानों को भंडारण के लिए काफी मशक्कत करना पड़ेगा। उन्होंने दीवाली को देखते हुए किसानों को पूर्व की तरह बोनस राशि देने की भी मांग की है ताकि किसान त्योहार अच्छे से मना सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब किसानों को त्योहार के पहले बोनस दिया जाता था साथ ही धान खरीदी समय पर शुरू हो जाती थी।

## पीआईसी ने किया राशि वापसी का प्रस्ताव, भाजपा ने की शिकायत

# 3 करोड़ के टेंडर पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




जनप्रतिनिधियों और अधिकारी के बीच तालमेल नहीं होने के कारण नगर पालिका में टेंडर प्रक्रिया सहित विकास कार्य को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। वर्तमान में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोलते हुए 3 करोड़ के निर्माण कार्य को लेकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने टेंडर को निरस्त करते हुए राशि शासन को वापस करने का प्रस्ताव पीआईसी की बैठक में लाकर हडकंप मचा दिया है।

**विकास में नहीं हो भेदभाव : सुदेश**

जानकारी के अनुसार पीआईसी की बैठक के बाद गत 25 अक्टूबर को भाजपा पार्षदों की भी बैठक हुई जिसमें पीआईसी अध्यक्ष सहित 6 सदस्यों पर स्वीकृत राशि को वापस भेजकर विकास को रोकने आरोप लगाते हुए पीआईसी भंग करने मांग की है। जानकारी के अनुसार निकाय चुनाव के पूर्व लगभग 3 करोड़ के कार्यों का टेंछर जारी किया गया है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि लगभग 3 करोड़ के कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद विधिवत प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वहीं पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने बताया कि अधोसंरचना मद से लगभग 3 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति सामान्य सभा में बिना रखे ही भाजपा नेता एवं पार्षदों के दबाव में स्वीकृत कराया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति जनता की जरूरत और शहर के विकास की सोच के साथ होना चाहिए।

## बच्चों के सम्पूर्ण विकास में भागीदारी का संकल्प



**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक शाला रामपुर में बालकों के विकास में पालकों की जिम्मेदारी विषय पर परिचर्चा पर आयोजन युनिसेफ के राज्य समन्वयक सरवत नकवी के मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला में बालकों के विकास में पालकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बालक स्कूल में मात्र छह घंटे रहता है जबकि बालक 18 घंटे अपने घर में परिजनों के साथ रहता है। इस समय स्कूल की सम्पूर्ण क्रियाकलापों की जानकारी पालक प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों से पूछना चाहिए कि आज उन्होंने स्कूल में क्या सीखा ताकि बालक को दिन भर की गतिविधियों की याद आ जाए। परिचर्चा में पालकों ने भाग लेते हुए बच्चों के विकास में भागीदारी निभाने की बात कही। एबीईओ जयंत साहू ने सभी पालकों को संकल्प दिलाया कि वह बालकों के विकास में भागीदार बनेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मनीष साहू थे। अध्यक्षता सरपंच रत्ना बोरकर ने किया। विशिष्ट अतिथि पूनाराम यादव, सनत साक्रे, किशोर यादव, रुपचंद साहू, नारायण साहू, पंकज सोलंकी, ग़ौरी रामटेके, समारिन निर्मलकर, तीजन सिन्हा आदि मौजूद थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक एमडी वाल्दे ने किया।

## सुदर्शन पहाड़ी के विकास की मांग



**डोंगरगढ़।** सुदर्शन वाल्मिकी समाज के अनुयायियों एवं सामाजिक ट्रस्ट ने सुदर्शन पहाड़ी को बेहतर बनाने, अष्टधातु मूर्ति की स्थापना एवं सौंदर्यीकरण की मांग शासन के समक्ष रखा है।

जानकारी के अनुसार सुदर्शन गिरि ट्रस्ट समिति ने मुख्यमंत्री से मुलाकाम कर गत दिनों पहाड़ी पर अष्ट धातु की मूर्ति लगाने और सौंदर्यीकरण करने की मांग को करते हुए आवेदन पेश किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अछोली स्थित पहाड़ पर वाल्मिकी तथा संत सुदर्शन की मूर्ति स्थापित है। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल ने इसके विकास एवं सौंदर्यीकरण की पहल शुरू किया है। उन्होंने यहां बिजली, पानी, लाइट, सडक सुविधा मुहैया कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सुदर्शन पहाड़ी तक पहुंचने का मार्ग दिक्कतों से भरा है। इस के कच्चा और जर्जर होने के कारण लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यहां सड़क निर्माण और आसपास सौंदर्यीकरण कराने की आवश्यकता है। यहां पेयजल सुविधा भी नहीं है। सामाजिक जनों ने महर्षि वाल्मिकी तथा संत सुदर्शन की अष्टधातु मूर्ति के लिए आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## शिविर में सुलझी ग्रामीणों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पहले जिस समस्या के समाधान के लिए आवेदन करने जिला मुख्यालय जाना पड़ता था वह अब गांव में ही पूरी हो रही है।

ग्रामीण अब सुविधा हासिल करने के साथ सरकारी सेवाओं का लाभ ले रहें है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशन में ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय सहित आसपास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में कुल 492 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 160 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया है। 332 लंबित आवेदनों को त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।

**शिविर में मिले 492 आवेदन**

शिविर में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिविर के माध्यम से सभी विभागीय योजनाओं को जानकारी मिल रही है और जनता की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। अतिथियों ने यह भी कहा कि जो आवेदन प्राप्त हो रहे है उनका समय सीमा के भीतर निदान किया जाए। शिविर में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में बच्चों का अन्नप्राशन, जाति प्रमाण पत्र का वितरण, मत्स्य पालन विभाग, समाजकल्याण विभाग सहित अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, ललित महोबिया, खम्हन ताम्रकार, रामकुमार पटेल, मोतीलाल जंघेल, रोहित पुलत्स्य, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, जनपद सीईओ रवि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## नए निर्माण का लोकार्पण



■ विकास में कमी नहीं आने देने का वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

ग्राम पंचायत पटेवा में व्यवसायिक परिसर, छह बिस्तर उप स्वास्थ्य केन्द्र के अतिरिक्त कक्ष, सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महामंत्री दुर्गेश द्विवेदी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतन लाल यादव, जनपद सदस्य डोमार दास साहू, सरपंच मिथलेश कुमार साहू शामिल हुए। शुभारंभ के बाद नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य श्री साहू और श्री द्विवेदी ने विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने देने की बात कही। इस दौरान गणमान्य नागरिकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच पुन्नीबाई साहू, विजय गजपाल, शंकर साहू, ओंकार साहू, इंदिरा वर्मा, सुरेश देवांगन, चन्दकांत देवांगन, रामदिल वर्मा, पुसाऊराम वर्मा, माखनलाल साहू, लखनलाल साहू, डोमूराम धनकर , गणेश राम पाल, हीरालाल साहू, गालवराम धनकर आदि मौजूद थे। संचालन रोहित निर्मलकर ने किया।

### न्योता भोज आयोजित

**मुढ़ीपार।** प्राथमिक शाला सनडोंगरी में गत दिनों महेश कुमार कंवर, चैतराम वर्मा ने अपने पुत्र दलेश्वर वर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में न्यौता भोज आयोजित कर बच्चों को खीर, पूड़ी परोसा। इस मौके पर प्रधानपाठक लादू राम साहू, शिक्षक युगल किशोर साहू, कमला यादव, रविता कंवर उपस्थित थे।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| ]

# गोला और मनोहर के नाम से डुप्लीकेट बीड़ी का निर्माण, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय जगहों से बीड़ी खरीदकर कंपनियों के नाम से बाजार में बेचने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जतीन मिरानी निवासी मणीलाल दयाल जी एंड कंपनी निर्मित गोला बीड़ी वर्क्स सदर बाजार धमतरी ने 26 अक्टूबर को थाना डोंगरगढ़ में शिकायत किया कि दंतेश्वरीपारा में उनके कंपनी के अनुरूप अवैध रूप से डुप्लीकेट बीड़ी का पैकेट तैयार कर विक्रय किया जा रहा है।



इस मामले पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा दंतेश्वरीपारा में रेड कार्रवाई कर आरोपी रविन्द्र साकरे 42 साल निवासी दंतेश्वरी पारा के पास से गोला बीड़ी का रैपर लगा हुआ 687 कट्टा बीड़ी, गोला बीड़ी बिना लेबल लगे 20 कट्टा, गोला बीड़ी का रैपर कागज का 150 नग, मनोहर बीड़ी लेबल लगा हुआ 7 कट्टा, मनोहर बीड़ी बिना लेबल लगा हुआ 20 कट्टा, मनोहर बीड़ी का कागज का बड़ा पुड़ा का रैपर 2500 नग, मनोहर बीड़ी का लेबल 48 बंडल प्रत्येक बंडल में 500 नग लेबल, मनोहर बीड़ी का कागज का छोटा रैपर 500 नग, 345 बादशाही बीड़ी का लेबल 300 नग, 345 बादशाही बीड़ी का पुड़ा रैपर 200 नग एवं मनोहर बीड़ी का होलोग्राम 4 पन्ना प्रत्येक पन्ना में 42-42 नग जब्त किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी रविन्द्र साखरे से पूछताछ करने पर कोई वैध कागजात का नहीं होना एवं स्थानीय जगहों से बीड़ी खरीदकर उसे पैक कर बाजार में बिक्री करना बताने पर आरोपी द्वारा धारा-318(4) बीएनएस एवं कॉपी राईट अधि.- 1999 की धारा- 63 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।















## खबर संक्षेप



### प्राचार्य को मिला शिक्षा गौरव अलंकरण

**गंडई पंडरिया।** पीएम श्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई के प्राचार्य पवन कुमार ददरया को संयुक्त संचालक ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन्हें श्रेष्ठ दायित्व निर्वहन एवं उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर थे। इस मौके पर संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर एवं सेवानिवृत्त उपसंचालक एचएस वर्मा मौजूद थे। उन्हे शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं नगद राशि दिया गया। इस उपलब्धि पर एसएमडीसी अध्यक्ष संजय राजपूत एवं सदस्यों ने उन्हे बधाई दिया है।

### शिक्षक मंडलोई सम्मानित



**बांधा बाजार।** गैंदाटोला हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य विनोद कुमार मंडलाई को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अंलकरण से सम्मानित किया गया है। श्री मंडलोई सभी शिक्षक और बच्चों को मार्गदर्शन देते रहते है साथ ही शालेय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हमेशा आगे रहते हैं। श्री मंडलोई के सम्मानित होने पर टोमनलाल साहू, अखिलेश खरे, ब्रम्हानंद देवांगन, श्रवण कुमार भावरे, कन्हैया लाल साहू, दीनदयाल कंवर, संतोष कुमार कंवर, मुकेन्द्र सिंह भंडारी, तिलकराम यदु, उर्मिला मेश्राम, अल्पना भालाधरे, प्रेणासाय, सुखदेव साहू, हलधर चन्द्रवंशी, शुभम् भट्ट,अजय सोनपिपरे, मुकेश यादव, जयकिशन सिरदार, तोषन कुमार ठाकुर आदि ने बधाई दिया है।

### बलराम बने ग्राम पटेल



**कल्लूबंजारी।** आटरा में बलराम साहू को ग्रामीणों ने आपसी सहमति से ग्राम पटेल नियुक्त किया है। चयन के बाद तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान आनंद राम, जानूराम, श्यामलाल मंडावी, लखनलाल साहू, तमनलाल, दुलारसिंग, इमानदास, नंदलाल साहू, आरतीलाल कौशिक, तुलसीराम, इमनलाल, अलखराम साहू, रामसाय साहू, नेतलाल, रूखमन लाल, सगरूराम आदि मौजूद थे।

## निधन

### लक्ष्मीचंद पालीवाल

**राजनांदगांव।** लोहारपारा निवासी लक्ष्मीचंद पालीवाल का 26 अक्टूबर को दोपहर 2.50 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल रविवार को सुबह 9 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रमेश कुमार व उमेश कुमार पालीवाल के पिता, मृणाल, कुणाल व पीयूष के दादा थे।



### अपर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

# नगर पालिका में जिम का जिन्न फिर से निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिम सामग्री खरीदी मे फर्जीवाड़े और बिना सामान खरीदे लंबी चौड़ी राशि भुगतान को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की शिकायत पर अपर कलेक्टर ने जांच का आदेश दिया।

नपा परिषद के पूर्व अध्यक्ष और पिपरिया पार्षद शैलेन्द्र वर्मा पर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम सामग्री खरीदने में भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करने, बिना निविदा प्रक्रिया के पार्षद/अध्यक्ष निधि से राशि का भुगतान करने के प्रकरण मे दोषी बताते हुए छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 35 क के तहत पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए 23 सितंबर को आवेदन दिया था जिसमे उन्होंने बताया कि उक्त जिम सामग्री का बिल और भुगतान संबंधी बिल व्हाऊचर कार्यालय मे



उपलब्ध नहीं है इसके अलावा स्टॉक पंजी में भी सामग्री खरीदी का कोई रिकॉर्ड नहीं है। मामले मे शिकायत जांच के बाद ततकालीन सीएमओ कुलदीप झा को शासन ने निलंबित कर दिया है जबकि व्यक्तिगत लाभ की मंशा से निकाय की राशि का दुरूपयोग करने वाले तत्कालीन नपा अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ कोई कारवाई नही की गई है। मनराखन देवांगन ने शैलेन्द्र वर्मा को पार्षद पद से बर्खास्त करने

#### भ्रष्टाचार की लड़ाई में मील का पत्थर

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि यह कार्रवाई शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ विभिन्न आरोपों के आधार पर की गई है, जिसमें नपा फंड के दुरुपयोग व अनियमितता शामिल हैं। उन्होंने अपर कलेक्टर के जॉच संबंधी पत्र को भ्रष्टाचार के खिलाफ मील का पत्थर और नगर पालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया महत्वपूर्ण कदम बताया है। मनराखन देवांगन ने कहा कि इस मामले में जांच से पार्षद शैलेंद्र वर्मा को पद से बर्खास्त करने की पूरी संभावना है।

की मांग करते हुए आवेदन दिया था जिस पर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने नपा सीएमओ को पूरे मामले की गंभीरता से जॉच कर प्रतिवेदन देने कहा है।

# तीन गांव को मिला पंचायत का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



ग्राम पंचायत अचानकपुर भाटापारा के आश्रित ग्राम परमलाकसा के ग्रामवासी बीते 5 वर्ष से पंचायत की मांग करते हुए गंभीरता से प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत का एरिया बड़े होने के कारण गांव का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। इस मांग को लेकर ग्रामीणों ने 2019 में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। वर्तमान में ग्रामवासियों ने पुनः स्थानीय निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नवीन पंचायत गठन का आग्रह किया था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को अवगत कराया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह ने अधिकारियों को परमालकसा, मनकी एवं रीवागहन को नवीन पंचायत बनाने निर्देशित किया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नवीन ग्राम पंचायत बनाने की अधिसूचना जारी किया है। मांग पूरी होने से ग्रामीणो में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक अमित कुमार आ. श्री नेमीचंद साहू जाति-तेली उम्र 34 वर्ष निवासी-ग्राम तरौद पोस्ट-तरौद तहसील व थाना-बालोद जिला-बालोद (छ०ग०) एवं आवेदिका दीक्षा वैद्य आ. श्री राजेन्द्र कुमार वैद्य जाति-महार उम्र-30 वर्ष निवासी शंकरपुर वार्ड नंबर-07 थाना-ओ.पी. चिखली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ०ग०) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 18/11/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक :-15/10/2024
पेशी तारीख :- 18/11/2024
क्रमांक 5739

मुहर

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)




# पति की संदेहास्पद मौत, परेशान महिला ने की एसपी से जांच की मांग

- पुलिस ने घटना के एक माह बाद भी नहीं लिया ब्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पति की संदेहास्पद मौत की जॉच को लेकर पत्नि ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। सितंबर महीने में छुईखदान थानातंर्गत पुरैना में नहर नाली किनारे पति के एक्सीडेंट होने की सूचना देने वालों पर शंका व्यक्त करते हुए खपरी सिरदार निवासी प्रीति सिंह राजपूत ने ज्ञापन मे बताया कि अवैध कच्ची शराब बिक्री के मामले में पकड़ाई महिला इंद्रौतिन बाई के जमानत मुचलका की बात कहते हुए पुरैना निवासी सेवकराम जंघेल उसके पति खम्मन सिंह बघेल को छुईखदान थाना चलने की बात कहते हुए शाम को 6 बजे के आसपास घर से ले गया जहां खपरी दरबार का राजेश निषाद मौजूद था। देर शाम जमानत मुचलका का काम निपटाकर घर लौटने के दौरान पुरैना में नहर नाली के पास मोटरसाइकिल गिरने से उसके पति को गंभीर चोट लगना बताकर चारपहिया वाहन से छुईखदान के सरकारी अस्पातल ले गए जहां उसके पति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पीड़ित महिला ने बताया कि सेवकराम जंघेल और राजेश निषाद से मोटरसाइकिल से गिरने और उसके पति के चोटिल होने की जानकारी घर में किसी को नही दी और दूर के रिश्तेदार खेलन सिंह बघेल को बताकर गुपचुप तरीके से अस्पताल ले गए जहॉ इलाज से पहले ही उसके पति की मौत हो गई। मामले को लेकर भी छुईखदान पुलिस ने उसके घर के किसी भी सदस्य से घटना के एक महीने बाद भी कोई बयान नही लिया है।

#### मौत की जानकारी छुपाने का आरोप

पति की मौत से परेशान महिला प्रीति राजपूत ने बताया कि घटना की जानकारी दोनों युवकों को पहल परिजनों को देनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नही किया जबकि उनके पास गॉव का लोकल आदमी होने के कारण परिवार के सदस्यों को मोबाईल नंबर मौजूद था। अस्पताल पहुंचने के बाद भी अस्पताल स्टाफ या पुलिस ने उन्हें जानकारी नही दी। प्रीति राजपूत ने बताया कि एक्सीडेंट की जानकारी रात 12 बजे के आसपास उसके ससुर शिव सिंह राजपूत को मिली, लेकिन उस वक्त तक सभी ने मौत की बात को छुपाई और दूसरे दिन भी पंचनामा, पीएम की जानकारी पुलिस ने किसी को नही दी। परेशान महिला ने खेलन सिंह, सेवकराम जंघेल और राजेश निषाद को पति की संदेहास्पद मौत का जिम्मेदार बताते हुए एसपी से उचित जॉच बाद कारवाई की मांग की है।

### हेमलता कैंप में शामिल होने हरियाणा गई

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की स्वयंसेविका हेमलता साहू का चयन एनआईसीकैंप हरियाणा के लिए हुआ है। कैंप में सम्मिलित होने के लिए हेमलता साहू हरियाणा रवाना हुई। छात्रा को प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदानी ने बधाई दी है।

### वृद्धजन हुए सम्मानित

**मोहला।** जनपद पंचायत मोहला के सभाकक्ष में वृद्धजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से कलेक्टर एस. जयवर्धन की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। कलेक्टर जयवर्धन ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज के अनमोल खजाने हैं। उनके पास ज्ञान, अनुभव और संस्कारों का भंडार होता है। वे अपने परिवारों और समाज में अनगिनत कहानियों, परंपराओं और मूल्यों को संजोए रखते हैं। उनका योगदान न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामुदायिक और राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। आज के आधुनिक युग में वृद्धजन अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। आर्थिक सुरक्षा की कमी, स्वास्थ्य समस्याएं और सामाजिक अलगाव जैसी स्थितियां आम है। कई वृद्धजन अकेले रह रहे हैं। जिसके कारण वे मानसिक और भावनात्मक संकट का सामना कर रहे हैं। इस अवसर पर वृद्धजनों का सम्मान करते अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरुष वृद्धजनों को गमछा व श्रीफल एवं महिला वृद्धजनों को साड़ी व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, जनपद पंचायत मोहला सीईओ केशवरी देवांगन, सरपंच गोटाटोला लखन कलामे, जनप्रतिनिधि देवप्रसाद, जनपद पंचायत मोहला के अधिकारी-कर्मचारी सहित सम्मानिय वृद्धजन उपस्थित थे। कलेक्टर जयवर्धन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे वृद्धजनों के सम्मान और कल्याण के लिए कार्य करेंगे और उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

# बिजली पोल से गिरे दो मजदूर, नांदगांव रिफर

- फिर आई लापरवाही सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अधिकारी से बिना पूछे मैदानी कर्मचारी के लाइन चालू करने से बिजली करेंट आने से पोल मे चढ़े दो मजदूर पचीस फीट नीचे गिरे। जानकारी अनुसार गायत्री नगर मे मोंगरा पुल के करीब दोपहर एक बजे के आसपास ठेकेदार बीआर सिंहा के श्रमिक ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का काम करने पोल मे चढ़े थे उस दौरान सुरक्षा के लिहाज से बिजली लाइन बंद कर दी गई थी लेकिन काम खत्म होने से पहले ही एसपी आफिस के पास के ट्रांसफार्मर को मैदानी कर्मचारी ने ऑन कर दिया जिसके चलते पोल पर चढ़े दो मजदूर जेठूराम पिता रामकिशन जंघेल 27 साल भरदागोड़ और भागवत पिता रामसिंह 35 साल निवासी जीराटोला धड़ाम से नीचे गिर गए जिससे उन्हे गंभीर चोट पहुँची है। आनन फानन मे सहयोगी श्रमिक और जेई सत्यम शर्मा उन्हे सिविल अस्पताल लेकर पहुँचे जहॉ से उन्हे प्राथमिक उपचार बाद मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया है।

गौरतलब है कि मई महीने मे भी ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के दौरान बिजली कंपनी के अधिकारियो की



लापरवाही के चलते सिवनी निवासी संतोष मंडावी की बिजली तार मे अचानक करंट आने से चपेट मे आने पर पोल से गिरने से मौत हो गई थी। मामले मे प्रथमदृष्टया लापरवाही सामने आने पर एई संदीप सोनी को विभाग ने निलंबित कर दिया था। उक्त घटना के बाद भी बिजली कंपनी के ठेकेदारो ने कोई सबक नही लिया, मई महीने मे हुए घटना के समय भी ठेका श्रमिक को किसी भी प्रकार का सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नही कराया गया था और आज की घटना के समय भी दोनो मजदूरो को किसी प्रकार की सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नही कराई गई थी। मामले कोलेकर कार्यपालन अभियंता अशोक द्विवेदी ने कहा कि धटना की जानकारी मिलते ही दोनो श्रमिको को बेहतर इलाज के लिए अविलंब राजनांदगॉव मे भरती कराया गया है। मामले मे जॉच बाद ही लापरवाही बरतने वाले पर कारवाई की जाएगी।



हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024



# धान बेचने पिछले साल से एक हजार अधिक किसानों का पंजीयन, 14 से खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही है। वहीं किसान भी पोर्टल के माध्यम से अपने धान की उपज विक्रय करने पंजीयन कर रहे हैं। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष राजनांदगांव जिले में धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ गई है।

राजनांदगांव जिले में धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके लिए किसानों को 31 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करना होगा। वहीं पंजीयन तिथि समाप्त होने के लगभग एक सप्ताह पूर्व ही गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अब तक 1 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

## पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक समय, अविभाजित जिले में किसानों की संख्या तीन लाख पार

### 7 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से जिले की 96 धान खरीदी केन्द्रों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 7 लाख 73 हजार 756 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया।

### पोर्टल के माध्यम से हो रहा पंजीयन

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा ने बताया कि एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल के माध्यम से अपनी धान की उपज बेचने के लिए अब तक 1 लाख 29 हजार 91 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। 31 अक्टूबर तक धान बिक्री के लिए किसानों का पंजीयन किया जाएगा।



### बढ़ी किसानों की संख्या

समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान खरीदी को लेकर इस वर्ष बीते वर्ष के मुकाबले अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बीते वर्ष धान विक्रय के लिए 1 लाख 28 हजार 69 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। वहीं इस वर्ष पंजीयन तिथि समाप्ति से पहले ही बीते वर्ष की तुलना में 1 हजार अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कर लिया है। वहीं एक सप्ताह के भीतर यह संख्या और बढ़ने का अनुमान है।

14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 के मध्य करीबन 79 दिन चलने वाली सरकारी धान खरीदी के दौरान अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार टारगेट में लगभग दस फीसदी का इजाफा करते 143.98 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है। जबकि पिछले साल धान खरीदी के दौरान कुल 130.41 लाख क्विंटल धान खरीदी की गई थी। कैबिनेट की मीटिंग के बाद सभी जिलों को उनके लिए तय किए गए टारगेट की जानकारी भी भेज दी गई है। जिलों में भी टारगेट को ध्यान में रखते हुए ही फड़ व्यवस्था से लेकर बारदाना की व्यवस्था की जा रही है। किसानों को धान बेचने से पहले पंजीयन कराना होगा। 31 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया भी चलने वाली है। प्रदेश में सर्वाधिक धान खरीदने वाले जिले में राजनांदगांव शामिल रहा है।

### दिवाली सीजन में जाम से बचने बाजार में प्रवेश पर लगाई रोक

# बाजार में आज से नई व्यवस्था, कार और ई-रिक्शा को नहीं मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में दीपावली पर्व पर लगने वाली पूजा सामग्रियों सहित अन्य फुटकर व्यवसायियों की दुकान 27 अक्टूबर से सजेगी। बीते 21 अक्टूबर को हुए प्रशासनिक और व्यापारियों की बैठक के दौरान त्यौहार बाजार के लिए 27 से 31 अक्टूबर तक का दिन तय किया गया था। जिसके अनुसार नई व्यवस्था बनाई गई है और शहर के कुछ क्षेत्र को वन-वे करने के साथ ही जयस्तंभ चौक में नो-पार्किंग का बोर्ड लगाया गया है। इस दौरान बाजार के भीतर आने वाले अलग-अलग क्षेत्र के रास्तों से चार पहिया और तीन पहिया वाहनों को प्रवेश से प्रतिबंधित किया गया है।

दीपावली पर्व के दौरान शहर में पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत एक सप्ताह के लिए नई व्यवस्था बनाई गई है, जिसे रविवार से लागू किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है और अलग-अलग जगह पर पार्किंग, नो-पार्किंग का बोर्ड लगाकर व्यवस्था बनाई गई है।

**चार पहिया वाहन डायवर्ट**

गंज चौक, भारतमाता चौक से चार पहिया वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। बाजार में सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। वहीं फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित किया गया है।




### जयस्तंभ चौक में भी दुकानें

शहर के जयस्तंभ चौक के बीचो-बीच लगने वाले अघोषित मोटर साइकिल पार्किंग को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। इस स्थान पर पूजा सामग्री बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं को पसरा लगाने की अनुमति दी गई है।

### व्यवस्था बनाई

दीपावली पर्व को लेकर यातायात व्यवस्था के लिए व्यापारियों और प्रशासन की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 31 अक्टूबर तक नए नियम लागू किए गए हैं।

- **राहुल देव शर्मा**, एएसपी

### ठेले पर एक जगह व्यवसाय

शहर के गुड़ाखू लाइन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर, जयस्तंभ चौक, कामठी लाईन में घूम-घूमकर फल बेचने वालों के लिए गुरूद्वारा के पीछे शिवाजी पार्क के पास ठेला लगाने व्यवस्था की है। पार्किंग व्यवस्था फ्लाई ओवर के नीचे पोस्ट ऑफिस से गुरूनानक चौक तक, पुराना गंज मंडी, पुत्री शाला स्कूल मैदान रहेगा। गंज चौक की ओर से आने वाले सभी वाहनों का पार्किंग पुराना गंज मंडी और गुरूद्वारा की तरफ से आने वाले दो पहिया वाहनों की पार्किंग पुत्रीशाला स्कूल, वहीं चार पहिया वाहनों की पार्किंग फ्लाई ओवर के नीचे रहेगी।

### वाहन एंट्री प्रतिबंध

27 से 31 अक्टूबर तक सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक सभी ई-रिक्शा, ऑटो, चार पहिया वाहनों एवं कारों का शहर के भीतर फौव्वारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, गांधी चौक से प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए सड़क किनारे बनाए गए सफेद पट्टी को पार करके गाड़ी रखने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें ग्राहक के साथ ही दुकानदारों पर भी चालानी कार्रवाई होगी।

**माय एंगल**



# मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 48 मामलों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा जिलेभर में एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान 48 प्रकरणों में 14,600 रुपए जुर्माना कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने व दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने तथा शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने कहा गया था।

### जागरूक भी किया

जिसके तहत जिले के समस्त थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 19 अक्टूबर को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

### बेहतर व्यवसाय की उम्मीद

# मिट्टी के दीयों की बाजार में डिमांड, लक्ष्मी की मूर्तियों की भी मांग..दाम में 10% इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली पर्व को लेकर कुम्हार माता लक्ष्मी की प्रतिमा और दीये बनाने में जुटे हुए हैं। कुम्हारों को उम्मीद है कि इस वर्ष दीपावली का अच्छा बाजार मिलेगा। बीते वर्ष अच्छी ग्राहकी नहीं होने के चलते उन्हें काफी नुकसान का सामना भी करना पड़ा था। दीपावली पर्व को लेकर कुम्हारों ने लगभग दो माह पूर्व ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन अब तक बाजार में दीये और माता लक्ष्मी की प्रतिमा की मांग नहीं बढ़ी है। उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर दीयों की अच्छी बिक्री शुरू हो जाएगी।

दीपावली पर्व पर दीयों का विशेष महत्व होता है। कार्तिक अमावस्या को मनाए जाने वाले इस पर्व में दीप अवली अर्थात दीयों की कतारों से रौशनी की जाती है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से दीयों की खरीदी में कमी आई है। श्रद्धालु अब धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ही संख्या के दृष्टिगत दीयों की खरीदी करते हैं। वहीं घर को रौशन करने अब दीयों की जगह आधुनिक लाईटों का उपयोग किया जाता है। अधिकांश ग्राहक लगभग एक-डेढ़ दर्जन दीये ही खरीदते हैं। जिससे साल-दर साल दीयों की बिक्री में कमी आ रही है।



### बाजार में ग्राहकी का इंतजार

दीपावली बाजार को लेकर कुम्हारों द्वारा इस वर्ष बीते वर्ष के मुकाबले अधिक दीयों का निर्माण किया गया है, लेकिन बाजार में दीयों की मांग अभी कम होने के चलते दुकानदारों द्वारा कम दीये ले जाया जा रहा है। दीये बनाने वाले बांकेलाल प्रजापति ने बताया कि उनकी तैयारी लगभग दो माह से जारी है। लागत के लगभग आमदनी होती है और ज्यादा मार्जिन नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि अब तक बाजार नहीं उठा है, पुश्तैनी व्यवसाय है, इसलिए करना पड़ रहा है।

### शाइनिंग पर ध्यान

दीपावली पर्व पर माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। ऐसे में कुम्हारों द्वारा माता लक्ष्मी की प्रतिमा भी बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है। मूर्तिकार प्रमोद प्रजापति का कहना है कि पहले साधारण रंगों से प्रतिमा निर्माण किया जाता था और अभ्रक का छिड़काव करने से ही काम चल जाता था, लेकिन अब ग्राहक प्रतिमा की शाइनिंग देखते हैं, इसलिए बेहतर कलर का उपयोग किया जाता है, जिस पर खर्च भी अधिक आता है। उन्होंने कहा कि बाजार में काम्पीटीशन बढ़ गया है, उसके अनुसार उन्हें भी कार्य करना पड़ता है।

### चाइनीज लाइट में दबी दीयों की रौशनी

दीपावली पर्व पर दीयों की रोशनी की जाती है। अमावस्या के अंधकार को दीयों की रौशनी से दूर किया जाता है, लेकिन अब दीयों की खरीदी सिर्फ पूजा के अनुसार ही की जारी है। पहले आंगन में सभी तरफ दीये जगमगाते थे, लेकिन अब उन दीयों की जगह चाइनीज लाइटों ने ले ली है। दीया निर्माण करने वाले नागेश प्रजापति ने कहा कि चाइनीज लाइटों के आने से दीयों पर काफी असर पड़ा है। इन लाइटों की चमक में दीयों की रौशनी दबकर रह गई है।

# तांबा तार के साथ आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे पुलिस बल ने एक आरोपी से रेलवे का तांबा तार बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन नं. बीएसपी/एसटीएल मुड़ीपार रेलवे स्टेशन में 2 दिन खड़े रहने के दौरान इलेक्ट्रिक वायरिंग कट एवं मिसिंग की सूचना रेल सुरक्षा बल राजनांदगांव को प्राप्त होने पर 8 अगस्त 24 को अपराध क्रमांक 03/24 धारा रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। इस मामले की जांच निरीक्षक तरूणा साहू द्वारा मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के दिशा-निर्देशन में किया जा रहा था।

**आरोपी पर कार्रवाई :** सूत्रों के अनुसार आरोपी ने नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेंद्र साहू उर्फ राजू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बघेरा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव बताया। उक्त तांबे के तार के संबंध में अधिकार पत्र की मांग करने पर कोई अधिकार पत्र प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी द्वारा यह बताया गया कि मई के महीने गर्मी के दिन में रात के समय मुड़ीपार रेलवे स्टेशन में खड़ी गाड़ी के नीचे से वायर जैसा तांबे के लालच में आरी से काटकर घर लाया था और छुपाकर रखा था।आरोपी को 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। 26 अक्टूबर को अग्रिम कार्रवाई के लिए माननीय रेलवे न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने पर उसे जेल वारंट का आदेश हुआ। तत्पश्चात उक्त आरोपी को जेल भेजा गया।

### बंडल बनाकर तार छुपाकर रखा था

जिसके जांच हेतु पोस्ट प्रभारी तरुणा साहू रात में लगातार गश्त और मुखबीर से समन्वय कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर प्रधान आरक्षक एसके मिश्रा आरक्षक प्रमोद यादव के साथ गत रात्रि में गुप्त निगरानी के दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में रेलवे स्टेशन और मुड़ीपार फाटक में घूमता हुआ पाया गया। उसका पीछा करने पर वह गांव बघेरा में गया। तत्पश्चात उसके घर में दबिश देकर उसके घर को चेक करने पर कबाड़ी सामान भरा हुआ पाया गया। उसी के बीच में दो बोरी लगभग 30 किलो रेलवे का तांबे का तार जलाकर तोड़कर गोल बंडल बनाकर छुपाकर रखा हुआ था।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, 31 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर 31 पौवा देशी शोले प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान पुलिस टीम द्वारा 25 अक्टूबर को ग्राम कलारखपरी में अवैध रूप से देशी शोले शराब बिक्री हेतु अपने घर में रखने वाले आरोपी टीकम जयसवाल 45 साल साकिन कलारखपरी के कब्जे से एक लाल रंग की बोरी में 31 पौवा देशी शोले शराब कीमती 2790 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक शिवशंकर गेंदले, प्रधान आरक्षक गनपतलाल नायक, आरक्षक विनोद पोर्ते, उमेन्द सिंह टेकाम, देवलाल ध्रुव, महिला आरक्षक लक्ष्मी चंदेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




सौंदर्य की अलंकारिक अभिव्यक्ति

बरडिया ज्वेलर्स पर ..

डायमंड | कुंदन | गोल्ड | सिल्वर | आभूषणों का अनूठा संसार

100% डायमंड वापसी

100% BIS Hallmark Jewellery Showroom

सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी

• चाँदी के बर्तन
• चाँदी के शुद्ध सिक्के

सर्टिफाइड राशि रत्न

100% स्वर्ण वापसी

100 वर्षों से अधिक सतत् सेवारत्

बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.

*शर्तें लागू

सदर बाजार, राजनांदगांव. ☎ 07744-407161, 403609

पार्किंग सुविधा

## सार समाचार

### आज कायस्थ समाज की मासिक बैठक

**राजनांदगांव।** जमातपारा स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कल रविवार को अपरान्ह 4 बजे से कायस्थ समाज की मासिक बैठक रखी गई है। कायस्थ समाज के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को कायस्थ समाज की मासिक बैठक आहूत की जाती है। इस बार समाज के वरिष्ठ संरक्षकगण, पदाधिकारीगण तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न जरूरी सामाजिक विषयों जैसे बैंक अकाउंट के हस्तांतरण एवं निस्तारण, समाज में नए आय का स्त्रोत तैयार करने हेतु सामाजिक भवन को किराये पर देने, सामाजिक निर्वाचन प्रक्रिया के कुशल निष्पादन हेतु जिम्मेदारी तय करना तथा आगामी भाईदूज महापर्व के संचालन की रूपरेखा तैयार करने आदि विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श कर समाजहित में निर्णय लिए जाएंगे। कायस्थ समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने समाज के चित्रांशजनों से अपील करते कहा कि कल रविवार को होने वाले महत्वपूर्ण मासिक बैठक में शामिल होकर अपने विचारों को तथ्य व तर्क के साथ प्रस्तुत करें।

### एनपीपीएस के विद्यार्थियों का स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल के बच्चों ने 24वीं राज्य स्तरीय




शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कराते में 14 वर्ष वर्ग में बालिका अद्विका दुबे का चयन दुर्ग संभागीय दल के रूप में जगदलपुर में 8 से 11 सितंबर के लिए हुआ था, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हैंडबॉल बालक 14 वर्ष वर्ग में प्रतीक देवांगन का चयन दुर्ग संभागीय दल के रूप जगदलपुर के लिए हुआ था। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जिम्नास्टिक बालक 14 वर्ष वर्ग में दिव्यांश दर्रो का चयन दुर्ग संभागीय दल के रूप में गौरेला-पेंड्रा-मारवाही 14 से 17 अक्टूबर के लिए हुआ। जिसमें इनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इन उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य ईला राठौर, उपप्राचार्य आरती पिल्लई, खेल शिक्षक दुर्गेश साहू सहित स्कूल के सभी शिक्षकों व स्टॉफ ने बधाई दी। उक्त जानकारी स्कूल प्रशासक ने दी।

### पोस्टर बनाओ और स्लोगन लिखो प्रतियोगिता आयोजित



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय राजनांदगांव में महिला प्रकोष्ठ (विशाखा) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पोस्टर बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य लड़कियों के सशक्तीकरण और उनके मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देना है। इस दिन को मनाने का मकसद लड़कियों को विकास के अवसर देना और समाज में उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाना भी है। इस प्रतियोगित में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामना करने विद्यार्थियों को थीम के अनुसार पोस्टर बनाने एवं स्लोगन लिखने कहा, ताकि इस पोस्ट एवं स्लोगन को देखकर समाज जागरूक हो सके। इस पोस्ट बनाओ एवं स्लोगन लिखो प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में प्रथम महिमा साहू, द्वितीय राजविंदर कौर व तृतीय स्थान पर नंदिता सैन एवं कशिश अयाज रहे। प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विद्यार्थियों का हौसला बुलंद किया एवं लड़कियों को शिक्षित करना, उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित करना और उनके करियर के लिए मार्ग दिया।

### संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय



राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस का आयोजन प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ के उद्देश्य एवं वर्तमान में प्रसांगिकता को स्पष्ट किया गया। विभाग के प्राध्यापक डॉ. अमिता बख्शी द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा विश्व मानव अधिकार के संरक्षण को समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजकुमार बंजारे व दीपक कुमार एवं आभार प्रदर्शन प्रो. संजय सप्तर्षि द्वारा किया गया। जिसमें विभाग के छात्र-छात्राओं की सहभागिता सराहनीय रहा।

### सिंघोला में 7 दिवसीय विशेष शिविर

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रासेयो इकाई



का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सिंघोला में 15 से 21 अक्टूबर तक प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल व साइंस कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा के मार्गदर्शन एवं रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीण जनमानस में जनजागरूकता जगाने पर्यावरण जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान रैली, एड्स जागरूकता रैली, जल संरक्षण के लिए रैली, प्लास्टिक उन्मूलन रैली, नशा उन्मूलन रैली का आयोजन किया गया।
सरपंच मुकेश सिन्हा, उपसरपंच राम साहू व पंचगण ग्रामीण महिला समूहों के साथ में गांव के गली-मोहल्लों में जनजागरूकता रैली निकाली। हाथ में पोस्टर, नारे लिखे हुए थे, जो जागरूकता का संदेश दे रहे। सभी से गुटखा पाऊच, पॉलीथीन प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरे को गली व नालों में नहीं डालने, तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट का उपयोग नहीं करने अपील किया गया। नशामुक्त व प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने हेतु अनुरोध किया गया। इससे होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। हाथ धोने के महत्व बताए गए। खाना खाने के पहले व शौच के बाद हाथ अच्छी तरह से धोने हेतु निवेदन किया गया।

### किसान संघ की बैठक आज

**राजनांदगांव।** किसान संघ की बैठक कल 27 अक्टूबर को दोपहर एक बजे कृषि उपज मंडी में आयोजित होगी। जिसमें धान खरीदी, राजीव गांधी न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त एवं ग्रीष्मकालीन धान नहीं लेने संबंधी प्रशासन के रूख को लेकर चर्चा होगी। पूर्व में भी प्रदर्शन कर बकाया चौथी किस्त का भुगतान शीघ्र करने पूरे तीन महीने खरीदी करने एवं मोदी सरकार द्वारा 117 रुपए समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को दिलाते 217 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने की मांग की गई थी। मांगों पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री से 25 अक्टूबर तक समय मांगा गया था, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई जवाब नहीं मिला है। जबकि मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बनाकर गांव-गांव हस्ताक्षर अभियान जारी है।

## कीट प्रकोप की शिकायत : फसल विविधीकरण अपनाने दी सलाह

# कृषि विभाग की टीम पहुंची घुमका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष ग्राम घुमका के कृषकों द्वारा फसल में कीटप्रकोप के संबंध में प्राप्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया गया। कलेक्टर अग्रवाल के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पांडेय द्वारा घुमका के कृषकों के फसल का निरीक्षण करने डायग्नोस्टिक टीम गठित की गई। टीम में सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेन्द्र अनंत, कीट वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय सुरगी डॉ. मनोज चंद्राकर, सहायक संचालक कृषि संजय राय, शस्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी मनीष सिंह, कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे, ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी घुमका भरतलाल उईके शामिल थे।

टीम ने घुमका पहुंचकर कृषकों के धान फसल का निरीक्षण कर कीट नियंत्रण के लिए तकनीकी सलाह दी। टीम द्वारा कृषक ठगियाबाई साहू के धान फसल खेत का निरीक्षण किया गया। जिसमें भूरा माहू के प्रकोप से आर्थिक क्षति स्तर से अधिक पाई गई। कृषक मोहेन्द्र सिन्हा, केदार वर्मा एवं दीपक वर्मा के स्वर्णा मासूरी धान का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पेनीकल माइटस (मकड़ी), तना छेदक, भूरा माहू, शीथ ब्लाईट एवं ब्लास्ट, कीट पतंगे



एवं बीमारियों के प्रकोप से क्षति पाई गई। घुमका के ग्रामीणों ने बताया कि बालीचुहरी खार, गांवखार, महरूमबाट खार, बड़े तरीया खार, मौहारी खार, डुमराही खार एवं भटगांवबाट खार में कीट पतंगे एवं अन्य बीमारियों से मासूरी धान की फसल को नुकसान हुआ है।

सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेन्द्र अनंत ने बताया कि पेनिकल माइटस मकड़ी सूक्ष्म अष्टपादी (आठ पैर) वाले जीव है। इसका आकार 0.2 से 1 मिमी, शरीर पारदर्शी धूसर क्रीम रंग का होता है। पूरा जीवन चक्र 10 से 13 दिन का होता है। अनुकूल परिस्थितियां पेनिकल माइट 25.5 से 27.5 सेमी तापमान व 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत आर्दता यानी अधिक तापमान व कम बारिश में बढ़ती है। लगातार धान की फसल लेने से भी इसे बढ़वार देता है। उन्होंने बताया कि पेनिकल माइटस मुख्य धान के पत्ती के भीतर लीफ शीथ से रस चूसती है। जिससे लीफ शीथ, बदरंग भूरा हो जाना, पत्तियों में छोटे भूरे धब्बे बनना, दाने कत्थई व दूध भराव रहित होकर पोचे या बदरा रह जाते है। बालियों के दाने तोते की चोंच जैसा आकार ले लेते हैं, जिसे पैरट बीकिंग कहते हैं। पेनिकल माइट के नुकसान वाली जगह पर कीट आघात से फफूंद विकसित हो जाता है। जिससे बीमारी होती है। इसके प्रबंधन व नियंत्रण के लिए उर्वरकों (विशेषकर नत्रजन उर्वरकों) का संतुलित उपयोग करें। सही फसल चक्र विशेषकर दलहनी एवं तिलहनी फसलों के साथ पेनिकल माइट नियंत्रण में प्रभावी है। प्रभावी निगरानी करें, खासकर लीफ शीथ को खोलकर देखें। यह माइट धान पौधों के शीथ के अंदर छिपा रहता है, इसलिए उसका रासायनिक उपचार कठिन होता है, लेकिन कुछ पेस्टीसाइड्स में माइटीसाइड्स के गुण होते है। जिसका उपयोग कर सकते हैं। जैसे-स्पाइरोमेसिफेन 240 एससी का 250 मिली प्रति एकड़ या क्लोरफेनपायर 10 एससी का 150-200 मिली प्रति एकड़ छिड़काव करें।

#### पेनीकल माइट की पहचान

सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेन्द्र अनंत द्वारा निरीक्षण के दौरान किसानों के खेत में हैंड लेंस की सहायता से पेनीकल माइटस (मकड़ी) की पहचान की गई एवं धान फसल का नमूना लिया गया। धान फसल के नमूना का कृषि महाविद्यालय सुरगी के प्रयोगशाला में माइक्रोस्कोप की सहायता से जांच की गई और पेनीकल माइट की स्पष्ट रूप से पहचान की गई। किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने प्रेरित किया गया। पौध रोग एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नितिन कुमार तुर्रे द्वारा धान में लगने वाली बीमारियों एवं रबी फसल गेहूं, मटर, चना, मक्का की खेती की तैयारी से लेकर महत्वपूर्ण बीमारियों की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कीट वैज्ञानिक डॉ. मनोज चन्द्राकर द्वारा धान फसल में लगने वाले कीट व्याधी के बारे में बताया।

## मुनीम से लूट, वसूली कर लौट रहा था वापस राजनांदगांव

- अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वसूली का पैसा लेकर राजनांदगांव वापस लौट रहे व्यापारी के मुनीम से अज्ञात लुटेरों ने लगभग आठ लाख रुपए लूट लिया।

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के सीमेंट व्यापारी का मुनीम झूमर पिता खेमलाल देवांगन निवासी भोथीपार गंडई नर्मदा से सामान सप्लाई की वसूली कर अकेले मोटर साइकिल से वापस लौट रहा था। इसी दौरान सहसपुर दल्ली रोड में डामर फैक्टरी के पास रात साढ़े सात बजे के आसपास बाथरूम के लिए रूका और निवृत्त होते ही जैसे ही मोटर साइकिल में बैठा, पीछा करते आ रहे तीन अज्ञात युवकों ने जिनकी उम्र लगभग 22 से 25 साल की रही होगी, पहले उससे मोबाइल छीना और रुपयों से भरा बैग छीनकर राजनांदगांव रोड की ओर भाग गए। लूट की घटना से घबराए मुनीम ने पहले अपने मालिक को इसकी सूचना दी और उसके बाद ठेलकाडीह थाना पहुंचा, जहां उसकी सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

## आयुक्त ने किया एजुकेशन हब निर्माण कार्य का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता डीएमएफ की प्रभारी अधिकारी शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के साथ एजुकेशन हब निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाकर क्लास रूम एवं हास्टल के कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त गुप्ता ने निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा के प्रशिक्षण के लिए डीएमएफ योजनांतर्गत बन रहे एजुकेशन हब में कान्फ्रेस हाल, लाईब्रेरी, युवक-युवतियों के रहने के लिए अलग-अलग हास्टल व पार्किंग आदि बनाया जा रहा है। जिसका अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है, समय-सीमा का ध्यान रखा जाए और कार्य में तेजी लाकर अविलंब पूर्ण कराया जाए। क्लास रूम तथा हास्टल के शेष कार्य जल्द पूर्ण करें, ताकि इसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सके और वे प्रतियोगी परीक्षा में सफल होकर मुकाम हासिल कर सके।



आयुक्त गुप्ता ने अधिकारियों से उपयोगिता प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी लेकर अब तक कराए गए कार्यों की डीएमएफ में प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा भी विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कार्य संबंधी प्राक्कलन विभाग को भेजा गया है। डीएमएफ की प्रभारी अधिकारी बंसल ने कहा कि कार्य की प्रगति रिपोर्ट के साथ-साथ शेष कार्य के स्टीमेंट विभाग को प्रेषित करें। जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके और जल्द से जल्द एजुकेशन हब का निर्माण पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे, उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर व तिलक राज ध्रुव एवं तकनीकी अमला उपस्थित था।

## सुरगी सरस्वती पुत्रों की धरती : बेहार

**राजनांदगांव।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा साकेत भवन कर्मा भवन प्रांगण में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तीन सत्र में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में वैचारिक संगोष्ठी, द्वितीय सत्र में सम्मान समारोह एवं तृतीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। वैचारिक संगोष्ठी का विषय था-''संस्कारधानी राजनांदगांव की समृद्ध साहित्यिक परंपरा एवं साकेत''। मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाषा बेहार सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग व अध्यक्षता डॉ. दादूलाल जोशी वरिष्ठ साहित्यकार ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. पीसी लाल यादव, आत्माराम कोशा, हरभजन सिंह भाटिया, डॉ. दीनदयाल साहू, डॉ. शंकरमुनि राय उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाषा बेहार ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव के ग्राम सुरगी सरस्वती पुत्रों की धरती है। यहां पच्चीस वर्षों से निरन्तर साकेत साहित्य परिषद का संचालन हो रहा है। यह इस संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रियता, जागरूकता एवं कर्मठता का ही प्रतिफल है। अध्यक्षता करते डॉ. दादूलाल जोशी ने कहा कि साहित्यकार समाज को आईना दिखाता है। राजनांदगांव मूर्धन्य साहित्यकारों की धरती है।

सुरगी जैसे गांव में लगातार पच्चीस वर्ष से साकेत साहित्य परिषद का चलना एक बड़ी उपलब्धि है। विशिष्ट वक्ता डॉ. पीसीलाल यादव, आत्माराम कोशा, हरभजन सिंह भाटिया, डॉ. दीनदयाल साहू, डॉ. शंकरमुनि राय, कुबेर सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू ने अपने-अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। इस सत्र का संचालन महेन्द्र कुमार बघेल एवं आभार प्रदर्शन राजकुमार



चौधरी ने किया। द्वितीय सत्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तीन साहित्यिक संस्था और एक लोक सांस्कृतिक संस्था का सम्मान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल व अध्यक्षता कोमल सिंह राजपूत ने किया। विशिष्ट अतिथि रोहित चन्द्राकर, आनंदराम साहू, मनोज साहू, जीवनलाल साहू, गुरूचरण सिन्हा, कमलेश साहू, खिलेश्वर साहू शामिल रहे। मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल ने कहा कि साकेत साहित्य परिषद के रजत जयंती समारोह को देखकर मैं अभिभूत हो गया हूं। अध्यक्षता करते कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि साकेत साहित्य परिषद पच्चीस वर्षो से अनवरत साहित्य साधना में रत है। सम्मान की कड़ी में साहित्य के क्षेत्र में शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव, भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम, मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद और लोक सांस्कृतिक संस्था धरती के सिंगार भोथीपार कला राजनांदगांव को साकेत साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। इस सत्र का संचालन लखनलाल साहू एवं आभार व्यक्त थनवार निषाद ने किया।

## मोपेड से कर रहे थे शराब परिवहन पुलिस ने पकड़ी भारी मात्रा में शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में रखकर अवैध रूप से शराब का परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सायबर सेल की टीम एवं बसंतपुर थाना स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा 26 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर मोहारा से फरहद चौक की ओर जाने वाली बायपास रोड में आरोपी वासुदेव सिंग राजपूत ऊर्फ देवा उम्र 27 साल निवासी कौरिनभांठा को अपने एक्टिवा में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 230 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 20700 रुपए एवं एक नग विवो कंपनी का मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवागन एवं सायबर सेल राजनांदगांव प्रभारी विनय परमार की संयुक्त टीम, उप निरीक्षक देवादास भारती, आरक्षक मुंझलाल ठाकुर, जीवन ठाकुर, हरिश ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

#### बायपास रोड में पकड़ाए

इसी तरह सूचना के आधार पर मोहारा से फरहद चौक की ओर जाने वाली बायपास रोड में आरोपी दीपक ढीमर उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना गंज चौक के पास को अपने एक्टिवा में अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकडा। जिसके कब्जे से 200 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 18,000 रुपए एवं एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा को जब्त किया गया। इसी तरह शराब परिवहन करने में प्रयुक्त वाहन एक नीला रंग के जुपिटर को आरोपी छोडकर फरार हुआ। घटना में प्रयुक्त एक नीला रंग के जुपिटर में रखे कुल 140 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 12,600 रुपए को जब्त किया। मामले फारर आरोपी वाहन चालक की पतातलाश जारी है।

## नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शहर के विभिन्न मार्गों में अव्यवस्थित रूप से नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत 30 वाहनों पर कार्रवाई की गई है।



ज्ञात हो कि पर्व के चलते शहर के बाजार इलाके एवं व्यस्ततम मार्गों में यातायात का दबाव बना हुआ है। बाजार में खरीदी करने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है।

#### समन शुल्क वसूल

25 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, सउनि कमल किशोर श्रीवास्तव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर में बेतरतीब तरीके से नो-पार्किंग में खड़े 30 वाहनों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर 9000 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

#### निर्धारित स्थान पर रखे

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन निर्धारित स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें एवं असुविधा से बचे।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

## भाजपा की सदस्यता के लिए विशेष अभियान : अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन पर्व के तहत जारी सदस्यता अभियान अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है। अंतिम दौर में पार्टी पूरी ताकत लगाकर सदस्यता अभियान के लिए मिले लक्ष्य को प्राप्त करने पुरजोर कोशिश प्रारंभ कर दी है। इस संदर्भ में जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, सह-प्रभारीद्वय नवीन मार्कण्डेय व कमल गर्ग की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों, सदस्यता अभियान प्रभारियों व मोर्चा-प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न आयोजित हुई। जिसमें आने वाले दिनों में सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान चलाकर जिले को मिले लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया गया।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने सदस्यता अभियान के प्रगति की जानकारी दी। मजबूत व कमजोर कार्यक्षेत्र का विवरण रखा




और उपस्थित मंडल अध्यक्षों से लक्ष्य के प्रति जवाबदेही से काम करने का आग्रह किया। प्रदेश में सदस्यता अभियान के प्रमुख अनुराग सिंहदेव ने प्रत्येक मंडल अध्यक्षों से उनके मंडलों में सदस्यता अभियान को लेकर किए गए कार्यों की पूछताछ की। प्रत्येक मतदान केन्द्र में 200 सदस्य बनाने लक्ष्य की पूर्ति संबंधी जवाब-तलब किया, बचे वार्डों में शीघ्र ही इस लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

श्री सिंहदेव ने मोर्चा अध्यक्षों से भी बात की। उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली तथा लक्ष्य के लिए बचे कार्यों को पूरा करने कहा। उन्होंने सर्वस्पर्शी सदस्यता अभियान 27 व 28 अक्टूबर को वृहद पैमाने पर शक्ति केन्द्रों से लेकर मतदान केन्द्रों व सार्वजनिक स्थानों पर चलाने का आह्वान करते कहा कि राजनांदगांव जिले के कार्यकर्ताओं की क्षमता अपार है, इससे प्रदेशभर का संगठन परिचित है, यदि कार्यकर्ता ठान ले तो तीन दिनों के भीतर ही बचे हुए लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने लक्ष्य पूर्ति के लिए विशेष टास्क दिया व जिलेभर के सदस्यता अभियान की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान भरत वर्मा, सचिन सिंह बघेल, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, सावन वर्मा, आभा तिवारी, रवि सिन्हा, मूलचंद लोधी, शिव वर्मा, हिरेन्द्र साहू, मोनू बहादुर सिंह, रविन्द रामटेके, रघुवीर वाधवा, आलोक श्रोती, आकाश चोपड़ा, बोधन साहू, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, हर्ष रामटेके, मनोज साहू, जैन कुमार मेश्राम, बोधीराम साहू, जागेश्वर साहू, गोलू सूर्यवंशी, संदीप भट्टाचार्य, पप्पी भाटिया, प्रदीप अवथनकर, किरण साहू, देवा झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]



## खबर संक्षेप



### श्री गुरुकुलम पब्लिक स्कूल मोहगांव में प्री-दीवाली संपन्न

**हरिभूमि मोहगांव।** नगर पंचायत पिपरिया क्षेत्रांतर्गत प्रतिष्ठित श्री गुरुकुलम विवेकानंद पब्लिक स्कूल मोहगांव-छांटा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी प्री-दिवाली त्योहार का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर लिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से दीवाली के पांचों दिन के विषय मे सांस्कृतिक रूप से गोवर्धन पूजा, भाई-दूज सहित लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया वहीं थाली सजाओ, दीपक बनाओ, रंगोली, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत-समृद्ध भारत के थीम पर आधारित थी। जिस पर नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया वहीं बड़े बच्चों ने स्पीच में विशेष शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें विजयी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेंगे। विद्यालय के प्राचार्य द्वारिका चंद्रवंशी तथा अकैडमिक इंचार्ज लक्ष्मी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कुमार ने कार्यक्रम के दौरान सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**मैच:** कबीरधाम जिले के टीम ने दुर्ग को 103 रनों से दी मात

# केवीसीसीओसी क्रिकेट मैच में कवर्धा टीम का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ रायपुर अंतर्गत अंडर 14 (मेंस) इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप के क्वाटर फाइनल मैच कवर्धा के केवीसीसीओसी एकेडमी में कवर्धा जिला विरुद्ध दुर्ग जिला के मध्य खेला गया। जिसमे कवर्धा जिला क्रिकेट संघ की टीम ने उमदा प्रदर्शन करते हुए शानदार 103 रनों से दुर्ग जिले की टीम को मात दी। कवर्धा की ओर से केवीसीसीओसी में प्लेट ग्रुप मैच अंडर 14 (मेंस) ग्रुप के दूसरे मैच में दुर्ग की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जो की दुर्ग टीम के लिए घातक साबित हुआ।

कवर्धा जिले की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में से 49.2 ओवरो में 10 विकेट गवांकर 225 रन बनाएं। जिसमें टीम के विकेट कीपर प्रेम परिपूर्ण तिवारी ने 112 गेंद खेलकर 9 चौका व 01 छक्का के साथ 68 रन बनाए, टीम के कप्तान भव्य जैन 23, काव्यांश चंद्रवंशी 20, आदर्श देवांगन 27 ने महत्त्वपूर्ण रनों का योगदान दिया वहीं पूरी टीम 225 रन बनाकर सिमट गई। गेंदबाजी में दुर्ग की ओर से अंकित ने 3, वंश अग्रवाल और हर्ष उइके ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए संदीपक और मो. हन्नान ने 1-1 विकेट लिया। वही दुर्ग जिले की टीम ने कवर्धा टीम के 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए 30.5 ओवरों में मात्र 122 रन बनाकर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। वहीं कवर्धा जिले की टीम ने 103 रनों से मैच अपने नाम किया। दुर्ग टीम की ओर से अनंत ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंदों में 61 रन बनाए, अमिताभ ने 12, श्रीकांत सिन्हा 11 और मो. हन्नान ने 8 रनों का योगदान दिया।



### खिलाड़ियों ने किया खेल का शानदार प्रदर्शन

प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा की ओर से गेंदबाजी में स्पिनर विवेक साहू ने 26 रन देकर 04 महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसी प्रकार अथर्व, भव्य जैन व अभिनव साहू ने 01-01 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच के अंपायर डी बालाजी कुमार व पीयूष साहू और स्कोरर अविनाश भारद्वाज थे, मैच के ऑब्जर्वर कमल घोष थे। प्लेट ग्रुप का सेमीफायनल मैच सोमवार 28 अक्टूबर को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में कवर्धा जिला विरूद्ध कोरबा जिला के मध्य प्रातः 9:00 बजे से खेला जाएगा।

# अमली-मालगी में एएमपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



■ विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमली-मालगी में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी एएमपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो कुंडा मंडल अध्यक्ष मनहरण साहू के उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना व फीता काटकर एएमपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष मनहरण साहू ने बताया कि क्षेत्र में एएमपीएल-4 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजित होने से खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा सामने आती है वहीं विजयी प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार मंडल अध्यक्ष मनहरण साहू द्वारा 12 हजार रूपए व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रूपए व शील्ड राजेंद्र खांडे द्वारा तथा तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपए तथा शील्ड निलेश सिंगरौल एवं दूरबीन साहू कि ओर से चौथा पुरस्कार 2100 रूपए, खीज्जू साहू द्वारा पांचवां पुरस्कार 2001 रूपए साथ ही साथ शेखर सिंगरौल द्वारा छठवां पुरस्कार 1001 द्वारा विजयी प्रतिभागियो को दिया जाएगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अमली मालगी सहित आसपास क्षेत्र के खिलाड़ी एएमपीएल-4 में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगें, वहीं खिलाड़ियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर अरविंद पदोन्नत



**हरिभूमि कवर्धा।** पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2024 के अनुसार जिला पुलिस कबीरधाम के उप निरीक्षक अरविंद साहू का निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुआ है। जिन्हें शुक्रवार को एकता चौक स्थित इंटीग्रेटेड पुलिस सेंटर के सभागार में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा एक कंधे पर स्टार लगाते हुए दूसरे कंधे पर पदोन्नत अधिकारी की पत्नी श्रीमती प्रीति साहू को उपस्थित देखकर उन्हें एक कंधे पर स्टार लगाने कहा गया साथ ही यह भी जानकारी दिया गया कि बिना परिजनों-पत्नी के सहयोग के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने में समर्थ नहीं हो सकते, पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी बेहतर कार्य करते हैं तो निश्चित ही उनके परिवार जनों का भी बहुत सहयोग होता है। कहते हुए स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान कर पदोन्नत अधिकारी को पदोन्नति के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल, संजय ध्रुव, कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पदोन्नत अधिकारी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर पदोन्नति की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया।

# बाघामुड़ा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

## शिविर में मिले 354 आवेदन, मौके पर 145 का हुआ निराकरण





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप ग्रामीणों तक शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उनके समस्याओं को मौके पर समाधान करने के उद्देश्य से जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में शिविर का आयोजन कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम बाघामुड़ा में शनिवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम बाघामुड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 354 मांग और शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मौके पर 145 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। 209 लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं किसान हैं और किसानों की समस्याओं को न केवल समझते हैं, बल्कि उन्हें महसूस भी करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर नागरिक तक पहुंचाना है ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने किसानों की मूल आवश्यकताओं जैसे पानी और बिजली के बारे में विशेष रूप से बात की। उन्होंने बताया कि जिले में पानी की समस्या वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया जा रहा है और बिजली की समस्याओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हर गांव में पानीए सड़क और बिजली की व्यवस्था हो।

### शिविर में हितग्राही हुए योजनाओं से लाभान्वित

ग्राम बाघामुड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर सहित मुख्य अतिथियों द्वारा पीएम आवास योजना अंतर्गत 12 हितग्राहियों को स्वीकृति प्रत्र प्रदान किया गया। इसी तरह खाद्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को राज्य पोषित पोषण बड़ी योजना के अंतर्गत कीट, कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि, मछली पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को आईस बॉक्स, 3 हितग्राहियों को जाल वितरण किया गया।

### मक्के स्कूल में विद्यार्थियों ने धूमधाम से मनाया दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में दीपावली उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली व दीपावली की साज-सज्जा कर रंगोली तैयार किया गया साथ ही साथ शुभ दीपावली व धनतेरस एवं रंगोली के माध्यम से छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक रंगोली बनाई गई। जिसमें छात्रा रूपांजलि, नंदनी, नन्दरानी, लीलिमा, अनन्या, सोनम, दुर्गेश्वरी, तामिनी, नीलम द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक सुआ गीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं छात्र छात्राओं ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई -शुभकामना दी। अंत में सभी विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं के साथ पढ़ाई-लिखाई एवं पटाखे फोड़ने में सावधानियां बरतने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन द्वारा मिठाईयां व बधाईयां दी गई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, शिक्षक सुरतिया राम साहू, मुरली झरिया, निर्मल पात्रे, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खांण्डे, युगल किशोर साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, सहित पालक गण व छात्र छात्राएं थें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन तिथि में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इंद्रवती भवन रायपुर के पत्रानुसार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ष 2004-25 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071




## रौचन में बच्चों ने ग्रीटिंग काड्र्स बनाकर दी दीपावली की बधाई

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौचन में शनिवार को दिवस प्रधान पाठक नकुल वर्मा के निर्देश पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शिक्षक भानू राजपूत के मार्गदर्शन में कक्षा 6 व 7 एवं 8 के छात्र छात्राओं ने आने वाले भारत वर्ष के सबसे बड़े त्योहार दीपावली पर बहुत सुंदर ग्रीटिंग काड्र्स बनाए, बच्चो ने चर्चा के दौरान बताया कि प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष वनवास उपरांत रावण वध कर अपने नगर अयोध्या पुनः आगमन पर प्रजा द्वारा नगर को दीपों के माध्यम से प्रकाशित किया गया, जिसे अब हम प्रतीकात्मक रूप से दीपावली के रूप में मनाते है। छात्र छात्राओं ने ड्राइंग शीट, कलर पेपर, फूल, पत्तियों, वॉटर कलर, वैक्स कलर आदि के माध्यम से सुंदर ग्रीटिंग काड्र्स बनाएं व उनका प्रदर्शन विद्यालय में किया गया। विद्यालय की प्रधान मंत्री रूपाली व नेलिमा ने उनमे से सबसे बेहतरीन ग्रीटिंग्स दामिनी और वीरा के बताए। शनिवार को ही विद्यालय के शिक्षक सुभाष कोसरिया और प्रेम राज के मार्गदर्शन में बच्चो की बाल सभा आयोजित की गई। बच्चों के व्यक्तित्त्व विकास को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम निरंतर जारी है जहां बच्चों ने गीत, कविता, पहेली, कहानी जैसे विधाओ में प्रस्तुति दी। साथ ही कक्षा 6 से 8 के बालको की 2 टीम्स बनाकर विद्यालय में क्रिकेट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसे मोरध्वज की शानदार गेंदबाजी व बल्लेबाजी की सहायता से उनकी टीम विजयी रही। उक्त कार्यक्रम की विद्यालय के शिक्षक पन्नालाल लोधी और वरिष्ठ शिक्षिका उमा देवी ठाकुर ने प्रसंशा की।




कार्यक्रम में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

# जनजातीय समाज की कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब कवर्धा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित जनजातीय गौरव माह अंतर्गत महाविद्यालय के अटल बिहारी प्रेक्षागृह में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राजकीय गीत के साथ छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, वीर नारायण सिंह की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिला संयोजक रघुवीर मेरावी एवं जिला सह संयोजक भानुप्रताप सिंह उपस्थित रहे वहीं महाविद्यालयीन संयोजक डॉ सीमा मंडावी एवं सहसंयोजक कृष्णा बंजारे उपस्थित थें । इस कार्यशाला में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास के ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर मुख्य वक्ता वैभव सुरंगे द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने दुर्गावती, कोमराम भीम, बुधु भगत, तिलका मांझी, सिरो कानों, भीमा नायक जैसे अनेक जनजातीय वीरों के बारे में अपने वक्तव्य में सभी श्रोताओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ऐसे अनेक वीर हैं जिनकी गाथाओं का वर्णन अब तक इतिहास के किताबों में वर्णन नहीं मिलता है और इन वीरों से प्रेरणा लेने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विदेशी राम धुर्वे द्वारा जनजातीय वीरों को नमन किया गया और समाज के प्रति त्याग और समर्पण की बात करते हुए युवाओं को समाज के वीरों से प्रेरणा लेकर समाज के विकास में योगदान एवं अपनी संस्कृति परंपरा को संजोए रखने का आह्वान किया गया। उन्होने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब जनजातीय समाज के लिए ऐसा आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र

पीजी कॉलेज कवर्धा के छात्र छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और कार्यक्रम में बिरसा मुंडा पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया साथ ही साथ जनजातीय रैंप वॉक द्वारा जनजातीय सांस्कृतिक छटा बिखेरी गई।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स.लोहरा | बोड़ला | कुण्डा ]

## गोला और मनोहर के नाम से डुप्लीकेट बीड़ी का निर्माण, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय जगहों से बीड़ी खरीदकर कंपनियों के नाम से बाजार में बेचने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जतीन मिरानी निवासी मणीलाल दयाल जी एंड कंपनी निर्मित गोला बीड़ी वर्क्स सदर बाजार धमतरी ने 26 अक्टूबर को थाना डोंगरगढ़ में शिकायत किया कि दंतेश्वरीपारा में उनके कंपनी के अनुरूप अवैध रूप से डुप्लीकेट बीड़ी का पैकेट तैयार कर विक्रय किया जा रहा है।



इस मामले पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा दंतेश्वरीपारा में रेड कार्रवाई कर आरोपी रविन्द्र साकरे 42 साल निवासी दंतेश्वरी पारा के पास से गोला बीड़ी का रैपर लगा हुआ 687 कट्टा बीड़ी, गोला बीड़ी बिना लेबल लगे 20 कट्टा, गोला बीड़ी का रैपर कागज का 150 नग, मनोहर बीड़ी लेबल लगा हुआ 7 कट्टा, मनोहर बीड़ी बिना लेबल लगा हुआ 20 कट्टा, मनोहर बीड़ी का कागज का बड़ा पुड़ा का रैपर 2500 नग, मनोहर बीड़ी का लेबल 48 बंडल प्रत्येक बंडल में 500 नग लेबल, मनोहर बीड़ी का कागज का छोटा रैपर 500 नग, 345 बादशाही बीड़ी का लेबल 300 नग, 345 बादशाही बीड़ी का पुड़ा रैपर 200 नग एवं मनोहर बीड़ी का होलोग्राम 4 पन्ना प्रत्येक पन्ना में 42-42 नग जब्त किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी रविन्द्र साखरे से पूछताछ करने पर कोई वैध कागजात का नहीं होना एवं स्थानीय जगहों से बीड़ी खरीदकर उसे पैक कर बाजार में बिक्री करना बताने पर आरोपी द्वारा धारा-318(4) बीएनएस एवं कॉपी राईट अधि.- 1999 की धारा- 63 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हर्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मूत्राशय की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अन्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाएं



डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार
- मुँहके कम खुलने का इलाज
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी
- दांतों के इम्पलान्ट्
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :- बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654



त्योहारों के शुभ अवसरों का लाभ उठाएं और सहेली ज्वेलर्स के शुद्ध आभूषण घर ले जाएँ. गोल्ड, डायमंड एवं सिल्वर की विस्तृत रेंज उपलब्ध है.
ऑफर भी उपहार भी
916 हॉलमार्क ज्वेली मार्केट रेट 73600/- प्रति 10 ग्राम
916 हॉलमार्क ज्वेलरी 70100/- प्रति 10 ग्राम
ऑफर रेट केवल आज और कल के लिये
50% OFF ON DIAMOND JEWELLERY MAKING CHARGES
प्रत्येक ₹ 9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार
SHOP & WIN
JEETO DHAN DHANA DHAN
वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ प्रत्येक 2 माह में भी पाईये आकर्षक उपहार
बंपर ड्रॉ: 1st टाटा टिआगो 1 no; 2nd होण्डा एक्टिवा 1 no; 3rd रेफ्रिजरेटर 3 nos; 4th पार्टी स्पीकर 5 nos; 5th एयरफ्रायर 10 nos; 6th ईयर बड्स 25 nos
प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ: 1st होण्डा एक्टिवा 1 no; 2nd आई फोन 1 no; 3rd रेफ्रिजरेटर 1 no; 4th पार्टी स्पीकर 5 nos; 5th एयरफ्रायर 10 nos; 6th ईयर बड्स 25 nos
सहेली ज्वेलर्स
हमारी शाखाएं
भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558
All 7 Days Open
Parking Available
T&C apply*
TEAM CREATIVE ADVERTISERS

SALE SALE SALE SALE
दीपावली सेल ऑफर
* पेपर की कटिंग लाना अनिवार्य
i5 or i3 LAPTOP 8 GB RAM | 256 GB SSD Refurbished ₹ 10,900/- में
NEW CORE i5 COMPUTER SET 1 Year Warrenty ₹ 9,900/- में
MARKET PRICE ₹ 30,000/- वाला HP NEW LAPTOP ₹ 21,900/- में
HP COLOUR PHOTOCOPY WIFI PRINTER ₹ 7,999/- में
बहुत ही सस्ते दर में 2 CAMERA SET ₹ 10,900/- में
MARKET PRICE ₹ 3,500/- वाला LAMINATION MACHINE ₹ 1,500/- में
MARKET PRICE ₹ 2,300/- वाला UPS ₹ 1,600/- में
MARKET PRICE ₹ 799/- वाला NP ANTI VIRUS ₹ 190/- में
MARKET PRICE ₹ 1,000/- वाला 12A & 88A CARTRIDGE ₹ 190/- में
MARKET PRICE ₹ 999/- वाला 64 GB PEN DRIVE DURABILITY METAL BODY ₹ 190/- में
MARKET PRICE ₹ 350/- वाला KEY BOARD ₹ 150/- में
MARKET PRICE ₹ 290/- वाला MOUSE ₹ 50/- में
NN COMPUTER SHOP
नियम व शर्तें लागू *
अन्नपूर्णा रेंस्टोरेंट के सामने, मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव
07744 407622 92000 53819



## खबर संक्षेप

### शराब के नशे धुत्त होकर शिविर में पहुंचे पंडरिया बीईओ बेनर्जी निलंबित

**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बाघामुड़ा में शनिवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का भव्य आयोजन किया गया था। इस शिविर में जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सहित तमाम विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद थे। बताया जाता है कि इस शिविर में पंडरिया के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी घनश्याम प्रसाद बेनर्जी भी पहुंचे थे। लेकिन वे शराब के नशे में इस कदर धुत्त थे कि उनकी हरकतों से न सिर्फ जिला स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी बल्कि तमाम प्रशासनिक अधिकारी भी शर्मिंदगी महसूस कर रहे थे। बताया जाता है कि पंडरिया बीईओ की हरकतों को देख उन्हें तत्काल शिविर से बाहर किया गया और बाद में उनकी मेडिकल जांच भी कराई गई। जिसमें उनके द्वारा शराब का सेवन किए जाने की पुष्टि की गई। जिसके बाद कलेक्टर ने शराब के नशे में धुत्त होकर ड्युटी बजाने शिविर में पहुंचे पंडरिया बीईओ श्री बेनर्जी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### दैहानडीह में पालकों ने कराया न्योता भोजन

**कवर्धा।** सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत शसकीय प्राथमिक शाला देहानडीह संकुल देहानडीह सामाजिक सहभागिता द्वारा बच्चों की सम्पूर्ण नेवता भोजन कराया गया। नेवता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, भजिया, टमाटर चटनी व केला खिलाया गया। साथ ही ग्रामजनों के साथ बालवाड़ी बच्चे व समस्त शिक्षक न्योता भोज में शामिल हुए। बच्चे न्योता भोजन खाकर अत्यंत हर्षित हुए। सरोजनी दास वैष्णव, ललिता छेदावी, पवनरेखा तिवारी, हरिशंकर पटेल, साबित पटेल, प्राचार्य रामनारायण दुबे, रमेश चौरिया, हिरदे देहारी, प्रधान पाठक प्रकाश चौबे, नरेन्द्र राजपूत, मुकेश जायसवाल, अशोक नायक, भानू पटेल, राम पटेल, निरकुवर यादव, समुन्दा यादव व समस्त बच्चे उपस्थित थे।

### जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**कवर्धा।** पीएम कुसुम योजनांतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम-कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) घटक, भारत शासन द्वारा संचालित एक महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार व जागरूकता के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### 5 नवम्बर को कवर्धा में मनेगा राज्योत्सव

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव 5 नवंबर को पीजी कॉलेज मैदान कवर्धा में मनाया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राज्योत्सव की तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा है। राज्योत्सव स्थल पर कानून व पार्किंग व्यवस्था के साथ ही मैदान का समतलीकरण व सफाई, विभागीय स्टॉल, मंच निर्माण, मंच की साज-सज्जा, वीआईपी सहित लोगों की बैठक व्यवस्था सहित सभी तैयारी करने कहा गया है।

**अनदेखी:** वाहन चालकों के साथ लोगों को उठानी पड़ रही है भारी समस्या

# जर्जर व खस्ताहाल पड़े कवर्धा-रायपुर बायपास की सुध नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग की अनदेखी के चलते खस्ताहाल कवर्धा शहर से रायपुर बायपास की जर्जर स्थिति सुधरते नहीं दिख रही है बल्कि दिन ब दिन इसकी हालत और भी ज्यादा खराब होते जा रही है। जिसका खामियाजा वाहन चालकों के साथ शहरवासियों को भी कई रूपों में भुगतना पड़ रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा शहर के भीतरी हिस्से से यातायात के दबाव को कम करने के लिए वर्षो पूर्व कवर्धा शहर के मिनी माता चौक से रायपुर मार्ग को जोड़ने के लिए करोड़ों रूपए की लागत से बायपास मार्ग का निर्माण कराया गया था। निश्चित रूप से इस बायपास के प्रारंभ होने से कवर्धा शहर के भीतर कम से कम रायपुर की ओर से आने जाने वाले भारी माल वाहक वाहनो का प्रवेश रूक गया और वे कवर्धा के बाहरी हिस्से से ही रायपुर की ओर आना जाना करने लगे। लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहें की इस बेहद उपयोगी और चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले बायपास के निर्माण के बाद शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग ने इसके रखरखाव तथा मरम्मत के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखाई। नतीजतन यह मार्ग धीरे-धीरे जर्जर और खस्ताहाल होते चला गया। मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए लेकिन इसके बाद भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया और रही सही कसर वर्षाकाल ने पूरी कर दी। अब तो यह स्थिति हो गई है मार्ग में डामर ही नहीं रह गया और पूरी सड़क में सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। जिन्हे पार करना किसी वाहन चालक के लिए किसी जंग जीतने से कम नहीं है। मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों ने बताया कि इस मार्ग में इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिसके चलते सड़क से गुजरते वक्त हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। उन्होने बताया कि कुछ गड्ढे तो इतने गहरे हैं की उनमें वाहनों का पहिया आते ही वाहन एक तरफ पूरी तरह से झुक जाता है। वहीं वाहनो को भी भारी नुकसान होता है। लेकिन फिर भी वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर इस बेहद खतरनाक और जीवलेवा मार्ग से आना जाना करना ही पड़ता है। जिसे देखते हुए लोगों शासन-प्रशासन ने कवर्धा रायपुर बायपास के नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

**बायपास के किनारे बसे लोगों का हालबेहाल**



स्थानीय लोगों ने बताया कि कवर्धा-रायपुर बायपास मार्ग के जर्जर व खस्ताहाल होने से सिर्फ वाहन चालकों भर को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है बल्कि के इसके किनारे व आसपास बसे लोगों और दुकानदारों को भी भारी परेशानी और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि जर्जर और खस्ताहाल मार्ग से दिनभर धूल के गुबार उठते हैं जो लोगों के घरों और दुकानो में समा रही है। वहीं इन धूल के गुबारों से आसपास के रहवासियों को स्वास्थ्यगत परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि अभी बारिश के दिनो में तो धूल कम थी लेकिन इन सूखे दिनो में धूल की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। जिससे लोगों को अब तभी निजाद मिल पाएगी जब इस मार्ग का नवीनीकरण किया जाएगा।



# उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में अनियमितता

- ग्रामीणों ने की निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा जिला कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद भी जिले में विभिन्न कार्य एजेंसी द्वारा कराए जा रहे शासकीय निर्माण कार्या में भ्रष्टाचार व अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रही है। स्थिति ये है कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में कराए जा रहे हर छोटे-बड़े शासकीय निर्माण कार्यों में संबंधित कार्य ऐजेंसी और उनके ठेकेदार जमकर कांटामारी कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम नेऊर से सामने आया है। जहां सेमरहाटोला मोहल्ले में शासन द्वारा उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित कार्य एजेंसी और उसके ठेकेदार द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण में भारी भ्रष्टचार व अनियमितता बरतते हुए भवन निर्माण में घटिया दर्जे की रेत, मुरूम, गिट्टी आदि का उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। जिससे भवन गुणवत्ता विहीन बन रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से इस निर्माण कार्य की जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# बोल्दा खुर्द के ग्रामीणों को नहीं मिला सितम्बर माह का राशन

## ग्रामीणों ने बोड़ला एसडीएम से लगाई गुहार



- पूछे जाने पर सेल्समैन ने कहा लैप्स हो गया सितम्बर का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

बोड़ला ब्लाक की ग्राम पंचायत बोल्दाकला के आश्रित ग्राम बोल्दा खुर्द के ग्रामीणों को बीते सितम्बर माह का सरकारी राशन अक्टूबर माह के अंतिम दिनो में भी नहीं मिल पाया है। जिसे लेकर ग्रामीण भारी परेशान नजर आ रहे हैं और उन्होने अब इसकी बात की लिखित शिकायत अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला से करते हुए गुहार लगाई है। इस संबंध में ग्रामीण जगेलाल मेरावी, पेखनलाल पटेल, महेश पटेल, दिनेश पटेल, नितेश पटेल, जितेन्द्र श्रीवास, प्रकाश पटेल, रघुवीर पटेल, रघ्घू पटेल, खेदूराम पटेल, टेकराम पटेल, मनीराम पटेल, रामाधार पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बोल्दाकला में संचालित सरकारी उचित मूल्य की राशन दुकान से ग्राम बोल्दाखुर्द के ग्रामीणों को माह सितम्बर का सरकारी राशन आबंटित नहीं किया गया है। जबकि राशन दुकान के सेल्स मैन द्वारा सभी ग्रामीणों से उनका राशन कार्ड पहले ही जमा करा लिया गया था और जब ग्रामीण राशन लेने दुकान पहुंचे तो सेल्समैन दिलीप मानिकपुरी ने कह दिया कि उनके कोटे का चावल लैप्स हो गया। ऐसे में अब ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और बाजार से मंहगा चावल खरीदकर अपना गुजारा करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस बात की लिखित शिकायत बोड़ला अनुविभागीय अधिकारी से करते हुए मामले की जांच कराए जाने और ग्रामीणों को माह सितम्बर का राशन उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

**सेल्समैन कर रहे हैं लगातार मनमानी**

यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना खाद्य योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज देने का प्रावधान है। ताकि कोई भी गरीब परिवार भूखा न रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार इस योजना के सफल व बेहतर क्रियान्वयन के लिए बकायदा जिला खाद्य अधिकारी को समय-समय योजना के क्रियान्वयन की जांच के निर्देश दिए गए है ताकि प्रत्येक परिवार को बराबर राशन उपलब्ध हो सके। इसके बावजूद भी सेल्समैन द्वारा तरह-तरह बहाने और हथकंडे अपना कर गरीबों के राशन पर डाका डाला जा रहा है। बताया जाता है कि ऐसे में जो परिवार राशन न मिलने का खुलकर विरोध करतें है या सामने आते है उसे किसी तरह चुपचाप राशन तो दे दिया जाता है परंतु जो विरोध नहीं कर पाते हैं उनका राशन सीधे तौर पर सेल्समैन द्वारा डकार लिया जाता है।

# जिला अधिवक्ता संघ का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला अधिवक्ता संघ कवर्धा द्वारा शनिवार की दोपहर अधिवक्ता कक्ष के ऊपरी तल में अधिवक्ता दीपावली मिलन समारोह एवं संघ के नए सदस्य अधिवक्ताओं का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पोखराज सिंह परिहार ने की। कार्यक्रम में संघ के अन्य पदाधिकारी उपाध्यक्ष राजेश पाठक, सचिव एलएन तिवारी, सह सचिव विष्णू चंद्रवंशी, ग्रंथपाल अतीत सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष सुरेश तिवारी सहित संघ के वरिष्ठ कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यकम के शुभारंभ अवसर पर पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात संघ के नए सदस्य अधिवक्ताओं ने अपना-अपना परिचय दिया। जिनका उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष श्री परिहार ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले यह संघ सीमित सदस्यों वाला थी किन्तु आज यह विशाल रूप ले चुका है और इसमें नए सदस्य नियमित जुड़ते चले जा रहे जो प्रसन्नता का विषय है। श्री परिहार ने आगे कहा कि दीपावली त्यौहार का 06 दिवसीय अवकाश घोषित हो चुका है इस कारण संघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह और नए अधिवक्ताओं का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री परिहार ने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को दीपावली त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए और नए अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली का त्यौहार हम लोगों का सबसे बड़ा त्यौहार है, जिसे हम बहुत ही धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाते है। हमारा संघ एक परिवार की तरह है जिसमें हम लोग साथ मिलकर पक्षकारों के लिए काम करते है। उन्होने नए सदस्यों को संघ की रीति नीति से अवगत कराते हुए कहा कि संघ के नियमों का पालन करते हुए काम कर पक्षकारों को न्याय दिलाने में सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम के अंत में संघ के सचिव एलएन तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया तथा आयोजन में सहयोग करनें व सफल बनानें के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



# स्वच्छ बाजार अभियान के तहत सफाई अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मेरा भारत, मेरी दिवाली राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत सभी का नैतिक दायित्व है कि हम अपने घरों के साथ-साथ अपने व्यवसाय स्थल को भी स्वच्छ रखें।

इसी उद्देश्य से, युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन पर कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में स्वच्छ बाजार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में हरीतिमा टीम भी अपनी सहभागिता निभाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अभियान के तहत कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा 27 अक्टूबर को प्रातः 7.00 बजे नगर के श्री गुरुगोविंद चौक, विजय मेटल्स के पास एकत्रित होकर बाजार क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाएंगे।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने सभी व्यापारियों से आव्हान किया है कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने कर्मभूमि बाजार क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लें।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

### छिरहा स्कूल के विद्यार्थियों ने किया काष्ठकला का प्रदर्शन



**कवर्धा।** विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाता है। प्रत्येक विद्यार्थी में कुछ न कुछ प्रतिभा जरूर होता है। विद्यालय का कार्य विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को बाहर लाना होता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय हाई स्कूल छिरहा के विद्यार्थियों को काष्ठ कला के प्रदर्शन का अवसर दिया गया। संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि विद्यालय के 23 विद्यार्थियों ने काष्ठ कला प्रदर्शनी में भाग लिया। विद्यार्थियों ने लकड़ी से बने हुए बैलगाड़ी, सायकल, कप-प्लेट, हेंगर, गुलदस्ता, ट्री हाउस, झूला, पेन स्टैंड, स्कूल व घर का प्रतिरूप, परखनली स्टैंड, गिल्ली डंडा, तीर आदि का प्रदर्शन किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मेरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**पुलिस चेकिंग से बचने पायलेटिंग करते हुए कर रहे थे गांजा तस्करी**

# 28.500 किलो गांजा जब्त, तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

एक के बाद एक गांजा तस्करों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही की कड़ी में शनिवार को एक बार फिर जिले की चिल्फी पुलिस तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 20 पैकेट में 28.500 किलो ग्राम गांजा, तीन मोबाइल, घटना में प्रयुक्त वाहन मारुती स्वीफ्ट, हुंडई औरा कुल कीमती 18,56,000 जप्त कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को थाना चिल्फी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 07 सीके 0182 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर कवर्धा-चिल्फी के रास्ते जबलपुर की तरफ जा रहे है एवं गाड़ी के सामने एक व्यक्ति औरा कार क्रमांक एमपी 07 जेडपी 2654 से पायलेटिंग करते हुए जा रहा है। जिस पर थाना चिल्फी पुलिस टीम द्वारा एनएच-30 आबकारी चेक पोस्ट के पास नाकाबंदी कर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार एक औरा कार एमपी 07 जेडपी 2654 और उसके पीछे एक स्वीफ्ट कार एमपी 07 सीके 0182 में घाटी की तरफ से आते नजर आने पर पुलिस टीम द्वारा उसे रोका गया। पुलिस के अनुसार वाहन को रोकने पर औरा कार चालक धवईपानी के ओर भाग गया एवं पीछे आ रही स्वीफ्ट कार को रोका गया जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ के दौरान उन्होने अपना प्रमोद जाटव पिता मेहरबान सिंह आयु 35 वर्ष निवासी डबरा थाना डबरा जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश तथा शैलेन्द्र दुबे पिता राजेंद्र दुबे आयु 47 वर्ष निवासी गुब्बारा फाटक के पास थाना जनक गंज जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश बताया गया। पुलिस ने औरा कार के संबंध में पूछताछ पर पुलिस चेकिंग से बचने के लिए पायलेटिंग गाड़ी होना बताया एवं उसमें सवार व्यक्ति का नाम राघवेंद्र श्रीवास बताया गया। जिसे पकड़ने के लिए तुरंत एक टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपीयों के स्वीफ्ट की तलाशी के दौरान सीट में बोरी के ख़ाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ 20 पैकेट में मादक पदार्थ 28.500 किलो ग्राम गांजा, दो मोबाइल, घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार बरामद कर उसे जप्त किया गया एवं पुलिस टीम द्वारा पायलेटिंग गाड़ी हुंडई औरा को पीछा करके पकड़ा गया और उसे भी जप्त कर लिया है। पुलिस ने तीनो आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में कार्यवाही में निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सहायक उप निरीक्षक डोमार सिंह प्रधान आरक्षक नरेन्द्र नेताम, आरक्षक आंसू तिवारी, पंकज यादव, सुनील मेरावी, संतोष साहू, अमन वाहने, अजय चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।


